प्रेस नोट

दिनांक 03.11.2024

थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण व वांछित/ वारण्टी अभियुक्तगण के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 03.11.2024 को थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 438/2024 धारा 109/288/352/351(2) BNS व 3/25 आयुध अधिनियम थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर से संबन्धित वांछित अभियुक्त प्रदीप कुमार उर्फ तउवा पुत्र परशुराम को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय भेजा गया।

ज्ञातव्य है कि दिनांक 02.11.2024 को प्रेम कुमार पुत्र रामरतन कुशवाहा ग्राम जलाला थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर द्वारा थाना सुमेरपुर में आकर दी गई तहरीर के माध्यम से बताया कि दिनाँक 31.10.2024 को समय लगभग 21:15 बजे उसका भाई रामकुमार पुत्र रामरतन (उम्र करीब 40 वर्ष) अपने घर में था, तभी उनके गांव के ही प्रदीप सिंह उर्फ तउवा पुत्र परसुराम सिंह व रामकुमार वर्मा पुत्र मँहगू अपने हाथ में तमंचा लिए हवाई फायरिंग कर रहे थे तथा उसके भाई राजकुमार ने हवाई फायरिंग करने से मना किया तो वह लोग नाराज हो गये व गालियाँ देने लगे व तमंचे से फायर कर दिए, जिससे गोली उनके भाई रामकुमार के बाँये पैर में लगी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सुमेरपुर में मु0अ0सं0 438/2024 धारा 109/288/352/351(2) BNS, 1. प्रदीप सिंह उर्फ तउवा पुत्र परशुराम सिंह 2. रामकुमार वर्मा पुत्र मँहगू निवासीगण ग्राम जलाला थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-</u>

अभियुक्त प्रदीप कुमार उर्फ तउवा पुत्र परशुराम (उम्र करीब 31 वर्ष) निवासी ग्राम जलाल थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर।

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम</u>

1 उ0नि0 राजवीर सिंह थाना सुमेरपुर
2 हे0कां0 इंद्रमणि यादव थाना सुमेरपुर
3 आरक्षी रोहित कुमार थाना सुमेरपुर